# रेलवे स्टेशन क्षेत्र बना बदमाशों का ठिकाना

**खास बातें**

- लोगों से लूटपाट करने का रात्रि में चलता सिलसिला
- नहीं होती कार्रवाई हो रहीं घटनाएं



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 17 जनवरी, रेलवे स्टेशन क्षेत्र प्रमुख रूप से श्री हनुमान मंदिर मिल रोड यहां शाम होते ही बदमाशों का आना जाना शुरू हो जाता है.गांजा पीने वाले मंदिर के पीछे चिलम में गांजा भरकर सुटटा लगाना शुरू कर देते हैं चिलम का धुंआ पूरे क्षेत्र में अपनी खुशबू फैला देता है.आने जाने वाले समझ जाते हैं यहां गांजा पीने वाले बैठे हैं और आनंद ले रहे हैं.**

सब्जी मंडी भी यहां होने के कारण लोगों की भीड़भाड़ बनी रहती है.बदमाश गांव के सीधे-साधे लोगों को पकड़ कर एक कोने में ले जाते हैं और उसके पास जो पैसे होते हैं वह छीन लेते हैं.मोबाइल भी ले लेते हैं इस सिलसिला रात्रि में चलता है. रेलवे स्टेशन पास होने के कारण जो खाली जगह प्रांगण की पड़ी है माल गोदाम के पास वहां बदमाश अन्य गतिविधियों में लगे रहते हैं.यहां देर रात्रि तक दुकानदार बैठे रहते हैं.चाय पीने वाले आते रहते हैं और मौका देखकर अपना काम कर देते हैं.स्टेशन क्षेत्र में लूटपाट मारपीट की घटनाएं रोजाना घटित होती है.रेलवे पुलिस को ध्यान देना चाहिए परंतु वह है.अपनी जुगाड़ में लगे रहते हैं.सर्दी से बचने बाहर नहीं निकलते इसका पूरा फायदा बदमाश उठाते हैं दूसरा रोड बहलोट बायपास रोड जो रेलवे स्टेशन से रामनगर कॉलोनी होता हुआ निकलता है.यहां भी बदमाशों का स्थाई बसेरा रहता है.होटल भोजनालय रातभर चलते हैं.यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है.रेलवे स्टेशन से इमली चौराहा धनश्री गार्डन तक बदमाशों का स्थाई अड्डा बना हुआ है.यहां रात्रि में आने जाने वालों को लूट लिया जाता है ट्रेन रात्रि के समय आती हैं तो यहां से निकलना खतरे से कम नहीं राहता मोतिया नाला तो बदमाशों का ठिकाना बन गया है यहां रात्रि में निकलने वाले लोगों को लूट लिया जाता है पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह सभी दुकान वालों को हिदायत दे की रात्रि 11 के बाद कोई दुकान नहीं खुलेगी.सभी दुकानें 11 बजे बंद हो जाना चाहिए और जो बाहरी लोग दिखाई दे उनसे पूछताछ करना चाहिए इससे चोरियां और अपराध रुकेंगे बदमाशों पर अंकुश लगेगा.

## चार चांदी के रथों पर विराजित होकर निकले श्री जी



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** जैन समाज द्वारा शनिवार को वार्षिक विमान महोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान आयोजित चलसमारोह में चार चांदी के रथों पर विराजित होकर श्री जी भगवान निकले. इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया.

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में शनिवार को वार्षिक विमान महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रात:काल श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय कठाली बाजार में भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया. एवं श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई. इसके उपरांत दोपहर में नगर में भव्य चलसमारोह निकाला गया. जो श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय कठाली बाजार से प्रारंभ हुआ. चलसमारोह में आकर्षक रूप से सजे चार चांदी के रथों पर श्रीजी भगवान विराजित होकर निकले. रथ को श्रद्धालु नग्न पैर हाथों में लेकर चल रहे थे. चलसमारोह में नवयुवक मंडल का दिव्य घोष एवं साढोरा तथा बीनागंज सहित कई आकर्षक बैंड बाजे भी शामिल थे. चलसमारोह में पाठशाला के बच्चे गणवेश में शामिल थे. वहीं महिला मंडल की सदस्य एवं महिलाएं आकर्षक वेशभूषा में शामिल हुई. इस मौके पर नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा भगवान की आरती की गई. एवं मुनिश्री की चरण वंदना की गई. इस दौरान शहर में जगह जगह आकर्षक रंगोली सजाई गई. चलसमारोह कस्टम पथ, छत्री नाका, लिंक रोड, सुभाष नगर, नगरपालिका कार्यालय, राज बाजार, छोटा बाजार, सिनेमा चौराहा, चांदनी चौक, कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार से होते हुए पुन: श्री 1008 चंद्रप्रभु जिनालय कठाली बाजार पहुंचा. जहां पर 24 तीर्थंकर भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई.

## मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले को 1 साल का कारावास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** न्यायालय अम्बुज श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा ने अपने निर्णय में मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले आरोपीगण 1. साजिद खान उम्र- 30 वर्ष और माजिद खान उम्र- 39 वर्ष निवासीगण- विदिशा अंतर्गत थाना कोतवाली को धारा 332 में 1 वर्ष सश्रम कारावास से दण्डित किया गया. उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी साकेत गोयल द्वारा की गई.अभियोजन का मामला यह है कि, फरियादी डॉ.पीसी मांझी मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ होकर दिनांक 3 फरवरी.18 की रात 8 बजे से 4 फरवरी18 के सुबह 8 बजे तक ड्यूटी पर थे.मरीज मकसूद खां को गंभीर अवस्था में ईलाज हेतु अस्पताल उसके पुत्र अभियुक्तगण साजिद खां, माजिद खां के द्वारा लाया गया. जिसको तुरंत चैक किया गया एवं उपचार के दौरान उसका ब्लड प्रेषर हाई था एवं मरीज को सीने में दर्द एवं सांस लेने में दिक्कत हो रही थी. मरीज की स्थिति के बारे में मरीज के परिजनों को बताया गया कि मरीज की हालत अति गंभीर है, आप इसे अतिशीघ्र प्राथमिक उपचार कराकर भोपाल ले जायें. इसी दौरान फरियादी ने कॉल ड्यूटी डॉक्टर राजकुमार वर्मा को बुलाकर भी मरीज को चैक कराया गया. फरियादी के द्वारा रिपोर्ट पर मामले की जांच की गई.मामला न्यायालय में पेश किया गया. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुए आरोपीगण को न्यायालय द्वारा उपरोक्तानुसार सजा सुनाई गई.




## हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** शिवजी बस्ती में शनिवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए. यात्रा उपरांत भारत माता की आरती की गई और बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई. कार्यक्रम में अतिथि संत सत्यनारायण गिरी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार ने विचार व्यक्त किये. वक्ताओं ने अपने संबोधन में भारत की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि ऋतुओं और ग्रहों का विज्ञान हमारे ऋषियों ने सदियों पहले दिया था. आदि काल से अस्तित्व में रहने वाला धर्म हिंदू धर्म है. वक्ताओं ने अंग्रेजों और मुगलों के अत्याचारों का स्मरण कराते हुए कहा कि संघर्षों के बावजूद सनातन धर्म आज भी जीवित और जागृत है. इस भूमि ने श्रीराम, श्रीकृष्ण और छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महापुरुष दिए. उन्होंने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया.

## भारत माता की आरती के साथ सेवा साधना सप्ताह का समापन



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई सिरोंज द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे सेवा साधना सप्ताह का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ. युवा साधना सप्ताह के तहत समाजोपयोगी, राष्ट्र हितकारी एवं प्रेरणादायी विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये.कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ पोस्टर विमोचन के साथ हुआ.**

प्रथम दिवस 10 जनवरी को विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई. जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कलम भेंटकर प्रोत्साहित किया गया. 11 जनवरी को एसएफडी के माध्यम से पर्यावरण संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत महामाई माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा आंवले के वृक्ष का पौधारोपण किया गया. 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में रक्त परीक्षण शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. 13 जनवरी को चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों को भोजन एवं फल वितरण किया गया. 14 जनवरी को अंबर की उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. छठे दिवस प्रबुद्ध भारत संवाद युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई. जिसमें नगर के प्रबुद्धजनों ने अपने विचार प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रबुद्ध वक्ताओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. वही अंतिम दिवस शुक्रवार को कस्टम पथ पर राष्ट्र अर्चना के अंतर्गत भारत माता की आरती के साथ सेवा साधना सप्ताह का समापन किया गया. आरती उपरांत नगर अध्यक्ष आयुष सक्सेना ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रहित में कार्यकर्ताओं की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण का प्रतीक है.

प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किए गए थे. कार्यक्रमों में प्रांत कार्य समिति सदस्य एवं विदिशा विभाग छात्रा प्रमुख वंदना यादव, नगर अध्यक्ष आयुष सक्सेना, नगर मंत्री आशीष शर्मा सहित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही.

## 12 ज्योतिर्लिंग प्राण-प्रतिष्ठा एवं पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर बैठक आज

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नगर से सटे हुए ग्राम हतोड़ा में स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे 12 ज्योतिर्लिंग शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा और 51 कुंडीय रुद्र महायज्ञ के पावन मौके पर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी सीहोर वालों के श्री मुख से आयोजित शिव महापुराण कथा की तैयारियों को लेकर आज 18 जनवरी रविवार को दोपहर 2 बजे स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन, शिव प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों की विशेष बैठक आयोजित की गई है.**

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए श्री बालाजी हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजा महाराज ने बताया कि सनातन धर्म के अनुयायियों एवं समस्त शिव भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और आनंददायक अवसर नगर को प्राप्त हो रहा है. ग्राम हतोड़ा में श्री बालाजी हनुमान मंदिर प्रांगण में 12 ज्योतिर्लिंगों की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 51 कुंडीय हरि हर रुद्र महायज्ञ के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा जी द्वारा शिव महापुराण कथा का दिव्य एवं भव्य आयोजन प्रस्तावित है.आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से नौलखी मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक 18 जनवरी रविवार दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई, जिसमें धर्मप्रेमी नागरिक एवं शिव भक्त सहभागिता के लिए आमंत्रित हैं. बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, जनसंपर्क, सेवा कार्यों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी. शिव महापुराण कथा का आयोजन 8 मई से 14 मई तक किया जाएगा. इससे पूर्व 7 मई को भव्य कलश यात्रा नगर से लेकर हतोड़ा तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं शिव भक्तों की सहभागिता रहेगी. वहीं 15 मई को कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे. उन्होंने नगर के सभी धर्म प्रेमियों, सनातन प्रेमियों और शिव भक्तों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव रखते हुए धर्म लाभ लेने की अपीलक की है.

## पवई में हिंदू सम्मेलन, संतों के सानिध्य में जगी सनातन चेतना



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** भगवा ध्वजों, जयघोष और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण के बीच पवई में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म, हिंदू एकता और राष्ट्र चेतना को सशक्त करने का संकल्प संतों के सानिध्य में लिया गया.सम्मेलन में 1008 संत बालक दास जी महाराज की पावन उपस्थिति एवं आशीर्वचन से आयोजन को और भी गरिमा प्रदान हुई.इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता खंड कार्यवाह योगेश त्रिपाठी ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि व्यक्ति-व्यक्ति में राष्ट्रभक्ति की भावना का जागरण ही संघ का मूल उद्देश्य है. जब हर हिंदू अपने कर्तव्यों को समझेगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा. उन्होंने समाज को संगठित होकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया. कार्यक्रम में खंड गौ सेवा संयोजक भगत सिंह रघुवंशी, खंड बौद्धिक प्रमुख हरेंद्र यादव, खंड व्यवस्था प्रमुख लोकेंद्र सिंह यादव, खंड ग्राम विकास संयोजक कमल सिंह रघुवंशी एवं खंड कुटुंब प्रबोधन प्रमुख भवानी सिंह रघुवंशी ने भी अपने विचार रखे. वक्ताओं ने गौ सेवा, कुटुंब संस्कार, ग्राम स्वावलंबन और सामाजिक समरसता को हिंदू समाज की आधारशिला बताया.पवई मंडल से सरदार सिंह रघुवंशी, राजपाल सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं नगरवासी सम्मेलन में उपस्थित रहे.सम्मेलन के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने सनातन मूल्यों की रक्षा, राष्ट्रभक्ति के विस्तार और हिंदू समाज को संगठित रखने का संकल्प लिया.

## श्रीराम महायज्ञ एवं भव्य रामलीला का आयोजन 19 से

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नजदीकी ग्राम शहरवासा में 11 कुंडीय विशाल श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ एवं भव्य रामलीला का आयोजन 19 जनवरी से किया जा रहा है. आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा. यह धार्मिक आयोजन राधाकृष्ण मंदिर, शहरवासा में संपन्न होगा. कार्यक्रम में यज्ञकर्ता संत श्री अनुजदास जी महाराज (सीताराम धाम आश्रम, हरिद्वार) द्वारा किया जाएगा.आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा, भक्ति, संस्कृति एवं धर्म का दिव्य अनुभव प्राप्त होगा.आयोजन समिति की ओर से क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का हार्दिक आमंत्रण दिया गया है.आयोजन समिति के इंद्राज सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.

## पुलिस के कड़े तेवर, उपद्रवियों में हड़कंप

**थाना प्रभारी की कड़ी कार्रवाई से जुआ-सट्टा व हुड़दंग पर प्रहार**



**नवभारत न्यूज**

**सांची,** जिलापुलिस अधिक्षक के निर्देश पर पुलिस की सख्ती से नगर के आपराधिक और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है.कानून को चुनौती देने वाले अब लगातार पुलिस की कार्रवाई के दायरे में आ रहे हैं.शांति के प्रतीक सांची में एक समय खुलेआम जुआ-सट्टा, शराबखोरी और हुड़दंग की शिकायतें आम हो चली थीं.थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी की पदस्थापना के बाद हालात तेजी से बदले हैं.नगर की कमान संभालते ही उन्होंने अवैध गतिविधियों पर सख्त प्रहार शुरू कर दिया, जिससे जुआरियों और सटोरियों को क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा.रात्रिकालीन गश्त, नियमित फ्लैग मार्च और सतत निगरानी के चलते अब शराब के नशे में उत्पात मचाने वाले तत्व भी स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. बीती रात विद्युत केंद्र के सामने उपद्रव कर रहे युवकों पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया और मेडिकल परीक्षण कराया.पुलिस की इस सख्ती से आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है, हालांकि तेज रफ्तार वाहन, अव्यवस्थित पार्किंग और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की समस्या अब भी प्रशासन की चुनौती बनी हुई है.अपराधियों पर सख्ती और जनता में विश्वास—यही सांची पुलिस की नई पहचान बनती दिख रही है.



**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।

## भगवान की भक्ति से समाधान मिलता-पं.बालकृष्ण दास

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** पठार वाले हनुमान मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित बालकृष्ण दास जी महाराज ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि महाराज जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शंकर से पूछा कि उनके गले में जो मुंड माला है, वह किसकी है कथा व्यास ने बताया कि भगवान की कथा विचार, बैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है.उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है. ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है.महाराज ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्री कृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया.उन्होंने कहा कि परीक्षित कलयुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं.

## सांची में 'संकल्प से समाधान अभियान' शुरू, 31 मार्च तक सभी वार्डों में

**होगा समस्याओं का निराकरण**

**नगर परिषद सांची के 1 से 15 वार्डों में चल रहा अभियान, सीएम हेल्पलाइन से भी जुड़ा समाधान तंत्र**




**नवभारत न्यूज**

**सांची, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 'संकल्प से समाधान अभियान' की शुरुआत की गई है.यह अभियान 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा.नगर परिषद सांची द्वारा इस अभियान को नगर परिषद के सभी 1 से 15 वार्डों में प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है.अभियान के तहत नागरिकों की समस्याओं का समाधान वार्ड स्तर, नगर स्तर एवं जिला स्तर पर किया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके.**

साथ ही इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) रामलाल कुश्वाह ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना है.नगर परिषद सांची के सभी 1 से 15 वार्डों में यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कोई भी नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहे. नगर परिषद की टीम प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर समस्याओं को सुन रही है और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है.नगर परिषद द्वारा अभियान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान का लाभ उठा सकें.नगर परिषद सांची का 'संकल्प से समाधान अभियान' शासन और नागरिकों के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनता दिखाई दे रहा है.

**सम्मेलन** | **हिंदू सम्मेलन के लिए मातृशक्ति का आह्वान, पीले चावल देकर घर-घर दे रही हैं आमंत्रण**

## सनातन धर्म और हिंदू एकता के लिए मातृशक्ति का जनजागरण, शहर में तेज हुईं तैयारियां

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, स्थानीय तारण तरण पाठशाला में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन, संत समागम को लेकर शहर में व्यापक जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.इसी कड़ी में नगर की 11 बस्तियों में पुरुष कार्यकर्ताओं के अलावा सम्मेलन में मातृशक्ति की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति और आयोजन को सफल करने के लिए मातृशक्ति ने मोर्चा संभालते हुए बस्तियों में घर-घर संपर्क कर कर पीले चावल देकर कलश यात्रा में आमंत्रित करते हुए भंडारे में प्रसादी के लिए आग्रह कर रहे हैं.मातृशक्ति की समर्पणता से सम्मेलन में महिला शक्ति का उत्साह देखते बन रहा है.महिलाएं भी अपनी ओर से सम्मेलन के निमित स्वप्रेरणा से यथाशक्ति धन राशि भेंट कर रही हैं.**

**सनातन के सम्मान में, मातृशक्ति मैदान में**

हिंदू सम्मेलन में विशेष बात यह है कि महिला शक्ति द्वारा इसकी अगुवाई करते हुए सनातन धर्म और हिंदू एकता का संदेश घर-घर पहुंचाया जा रहा. मातृशक्ति घर-घर जाकर कलश यात्रा के लिए शोभा यात्रा और भंडारे की प्रसादी के लिए घर-घर जाकर बस्तियों में घर-घर जाकर आमंत्रण देते हुए हिन्दू परिवारों से अपील कर रहीं हैं कि वे सामूहिक रूप से सम्मेलन में भाग लेकर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करें. मातृशक्ति की सहभागिता से जनसंपर्क अभियान को नई ऊर्जा मिली है.महिलाओं के नेतृत्व में घर-घर पहुंच रहा आमंत्रण समाज को जोड़ने में प्रभावी साबित हो रहा है.

उल्लेखनीय है कि सकल हिंदू समाज द्वारा 20 जनवरी को नगर के तरण तारण पाठशाला में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक विराट हिंदू सम्मेलन को सनातन धर्म की प्रमुख पीठ रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी द्वारा धर्म सभा के रूप में संबोधित किया जाएगा. सम्मेलन में शामिल होने के लिए गत दिवस भूमिपूजन के अवसर पर उपस्थित संत समाज, धर्माचार्यों ने सम्मेलन में 50 हजार हिंदुओं से उपस्थिति देने का आवाहन किया है.भूमि पूजन के पश्चात नगर की 11 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन की व्यापक तैयारी दिखाई देने लगी हैं.नगर में व्यापक जनसंपर्क के अलावा चौराहों पर होडिंग लगाकर हिंदू समाज को सम्मेलन में आमंत्रण के साथ-साथ भंडारा प्रसादी में भी शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है.

### 11 बस्तियों में भारत माता के चित्र के साथ आमंत्रण

आयोजन समिति द्वारा नगर की 11 बस्तियों में भारत माता के चित्र के साथ पीले चावल देकर आमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान को बस्तियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है.एक रुपये से लेकर इच्छानुसार सहयोग सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत धन संग्रह अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें हिंदू परिवारों से एक रुपये से लेकर उनकी इच्छानुसार सहयोग लिया जा रहा है. आयोजकों के अनुसार यह सहयोग आयोजन को सामूहिक स्वरूप देने और प्रत्येक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है.